2. The Bhakti and Sufi Saints also brought about important changes in the approach to religion, laying greater emphasis on formal observances and rituals.
3. They also contributed to the growth of regional languages and literature.

Which of the statements given above is/are ***not*** correct ?

(a) 1 and 2
(b) 2 only
(c) 2 and 3
(d) 3 only

54. Consider the following observations relating to the reign of the Mughal Emperor Akbar :

1. Akbar strengthened his control on the nobility and the army by introducing the mansabdari system.
2. Under the mansabdari system, every officer was assigned a rank (mansab).
3. The ranks were divided into three : zat, sawar and chehra.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) 1 and 2
(d) 1 and 3

51. उपनिवेशी भारत के प्रेस एवं साहित्य के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. मुद्रण माध्यमों (प्रिन्ट मीडिया) ने देश के विभिन्न भागों में रहने वाले राष्ट्रवादियों को आपस में विचार विनिमय के लिये आधार प्रदान किया।
2. ब्रिटिश शासक अपने शासन की राष्ट्रवादी आलोचना सहने को तैयार थे।
3. वर्नाकुलर प्रेस एक्ट (1878) ने अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता के अतिक्रमण के विरोध में राष्ट्रव्यापी आंदोलन को जन्म दिया।

उपर्युक्त में से कौनसा/से कथन सही है/हैं ?

(a) 1 और 3
(b) 2 और 3
(c) केवल 2
(d) 1 और 2

52. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. पूर्व उपनिवेशी काल में ढाका, मुर्शिदाबाद और सूरत जैसे भारतीय शहर पूरे विश्व में उद्योग एवं व्यापार के केन्द्रों के रूप में जाने जाते थे।
2. उपनिवेशी काल में उद्योग एवं व्यापार के ऐसे केन्द्र विदेशी प्रतियोगिता के सामने अवनत हुए।
3. इन व्यापार केन्द्रों की अवनति के बाद भारतीय ब्रिटिश सरकार द्वारा भारतीय कारीगरों, निर्माताओं एवं बुनकरों को वैकल्पिक रोज़गार प्रदान किया गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौनसा/से सही ***नहीं*** है/हैं ?

(a) 1 और 2
(b) 2 और 3
(c) केवल 3
(d) केवल 1

53. भक्ति आंदोलन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. भक्ति और सूफी संतों ने धीरे धीरे हिन्दुत्व व इस्लाम के मूलभूत सिद्धांतों की बेहतर समझ उत्पन्न की और इस तथ्य पर बल दिया कि उनमें बहुत समानता है।
2. भक्ति और सूफी संत, यथानियम रीतियों और अनुष्ठानों पर अपेक्षाकृत अधिक बल देते हुए, धर्म के प्रति दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण परिवर्तन भी लाये।
3. उन्होंने क्षेत्रीय भाषाओं व साहित्य की संवृद्धि में भी योगदान दिया।

उपर्युक्त में से कौनसा/से कथन सही ***नहीं*** है/हैं ?

(a) 1 और 2
(b) केवल 2
(c) 2 और 3
(d) केवल 3

54. मुगल सम्राट अकबर के राज्यकाल के संबंध में निम्नलिखित प्रेक्षणों पर विचार कीजिये :

1. अकबर ने मनसबदारी व्यवस्था लाकर अभिजात-वर्ग और सेना पर अपना नियन्त्रण सुदृढ़ किया।
2. मनसबदारी व्यवस्था के अन्तर्गत प्रत्येक अधिकारी की एक श्रेणी (मनसब) नियत की गई।
3. श्रेणियों को जाट, सवार और चेहरा, इन तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया।

उपर्युक्त में से कौनसा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2
(d) 1 और 3

55. Which among the following was ***not*** a demand of Mahatma Gandhi to the Government as a condition of settlement before he launched the Non-cooperation movement ?

(a) The Government should withdraw the Rowlatt Act

(b) The Government should express regret for the massacre at Jallianwala Bagh

(c) The British government should behave leniently with Turkey

(d) The Government should put a better scheme of reforms than that of the Act of 1919

56. The *'Motorana'* and the *'hathiana'* referred to :

(a) markets where peasants brought their produce

(b) taxes levied by *zamindars* on their peasants

(c) rent paid by peasants for the use of the motorcar or the elephant of the *zamindar*

(d) the nickname for those *zamindars* who possessed a motorcar or an elephant

57. Which of the following ideas was/were shared by Raja Rammohan Roy and Rabindranath Tagore ?

(a) Internationalism

(b) Opposition to idol worship

(c) Faith in rational and scientific approach

(d) *All the above*

58. The Hindustan Republican Association was founded to :

(a) Set up a republican government in Hindustan

(b) Organize armed rebellion in India

(c) Persuade the Indian people to participate in elections

(d) Encourage the Indian youth on to the path of socialism

59. Consider the following statements about Indian trade and commerce in the medieval period :

1. India exported cotton piece goods to the wider world in the medieval period.
2. India received gold and silver from the wider world in lieu of her cotton goods.
3. India also supplied raw materials to the European industries in the medieval period.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 and 2

(b) 1 only

(c) 2 and 3

(d) 3 only

60. Which of the following statements about *Bhadrabahu* is/are correct ?

1. He was a Jain Saint.
2. He was spiritual teacher of *Chandragupta Maurya*.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

55. निम्नलिखित में से कौनसी, महात्मा गांधी की, असहयोग आंदोलन प्रारम्भ करने से पूर्व समझौते की शर्त के रूप में सरकार से की गई मांग ***नहीं*** थी ?

(a) सरकार रौलेट एक्ट वापस ले

(b) सरकार जलियाँवाला बाग हत्याकांड के लिये खेद व्यक्त करे

(c) ब्रिटिश सरकार तुर्की (Turkey) के साथ उदारतापूर्वक व्यवहार करे

(d) सरकार 1919 के एक्ट के सुधारों की अपेक्षा बेहतर सुधार की योजना प्रस्तुत करे

56. 'मोटराना' और 'हथियाना' किसे निर्दिष्ट करते हैं ?

(a) वे बाज़ार जहाँ किसान अपनी उपज लाते थे

(b) ज़मींदारों द्वारा अपने किसानों पर लगाये गये कर

(c) ज़मींदार की मोटरकार या हाथी का उपयोग करने के लिये किसानों द्वारा दिया गया लगान

(d) मोटरकार या हाथी रखने वाले ज़मींदारों के उपनाम

57. राजा राममोहन रॉय एवं रबीन्द्रनाथ टैगोर निम्नलिखित में से कौनसे विचार/विचारों के सहभागी थे ?

(a) अंतर्राष्ट्रीयता

(b) मूर्ति-पूजा का विरोध

(c) तार्किक एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण में विश्वास

(d) *उपर्युक्त सभी*

58. हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन किसलिये बनायी गई थी ?

(a) हिन्दुस्तान में लोकतांत्रिक सरकार की स्थापना के लिये

(b) भारत में सशस्त्र विप्लव संगठित करने के लिये

(c) भारतीय लोगों को निर्वाचनों में भाग लेने हेतु समझाने के लिये

(d) भारतीय नौजवानों को समाजवाद की राह पर प्रोत्साहित करने के लिये

59. मध्यकालीन भारतीय व्यापार एवं वाणिज्य के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. मध्यकाल में भारत विश्व में दूर-दूर तक सूती थान का माल निर्यात करता था।
2. भारत विश्व में दूर-दूर से अपने सूती माल के बदले में सोना व चांदी प्राप्त करता था।
3. मध्यकाल में भारत यूरोपीय उद्योगों को कच्चे माल की पूर्ति भी करता था।

उपर्युक्त कथनों में से कौनसा/से सही है/हैं ?

(a) 1 और 2

(b) केवल 1

(c) 2 और 3

(d) केवल 3

60. निम्नलिखित में कौनसा/से कथन 'भद्रबाहु' के बारे में सही है/हैं ?

1. वे जैन संत थे।
2. वे चंद्रगुप्त मौर्य के आध्यात्मिक गुरु थे।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

61. In Buddhist principle, the performance of *Sila* and the achievement of *Samadhi* and *Prajna* lead to *Nirvana*. What does this *Sila* stand for ?

(a) Mental control

(b) Physical control

(c) Development of insight

(d) Strict penance

62. *Agnimitra*, the hero of *Kalidasa's Malavikagnimitra* belonged to :

(a) Sunga dynasty

(b) Kanva dynasty

(c) Satvahana dynasty

(d) Gupta dynasty

63. Ministry of Women and Child Development adopted the Mission statement of 'Budgeting for Gender Equality' in 2004-05. In this context which of the following statement/statements is/are correct ?

1. It calls for incorporating a gender perspective at all levels and stages of the budgetary process.

2. It stands for providing safe shelter to displaced women.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

64. The National Legal Services Authority (NALSA) has been constituted under the Legal Services Authorities Act, 1987. In this context which of the following statements is ***not*** correct ?

(a) Hon'ble Chief Justice of Supreme Court is the Executive Chairman of the Authority

(b) Its objective is to provide free and competent legal services to the weaker sections of the society on the basis of equal opportunity

(c) It issues guidelines for the State Legal Services Authorities to implement the legal programmes and schemes throughout the country

(d) To organize Lok Adalats for amicable settlement of disputes

65. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below :

| *List-I (Commission)* | *List-II (Issue)* |
|---|---|
| A. Dar Commission | 1. Assassination of Indira Gandhi |
| B. Kalelkar Commission | 2. Ragging in educational institutions |
| C. Thakkar Commission | 3. Demand for Linguistic States |
| | 4. Backward Classes |

***Code :***

| | A | B | C |
|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 |
| (b) | 3 | 2 | 4 |
| (c) | 1 | 2 | 4 |
| (d) | 1 | 4 | 2 |

61. बौद्ध-सिद्धान्त के अनुसार 'सिला' के अनुपालन और 'समाधि' व 'प्रज्ञा' की प्राप्ति से 'निर्वाण' प्राप्त होता है। यहाँ 'सिला' से क्या अभिप्राय है ?

(a) मानसिक नियंत्रण

(b) शारीरिक नियंत्रण

(c) अन्तर्दृष्टि का विकास

(d) गहन तपस्या

62. कालिदास लिखित 'मालविकाग्निमित्र' का नायक अग्निमित्र किस राजवंश से था ?

(a) शुंग राजवंश

(b) कण्व राजवंश

(c) सातवाहन राजवंश

(d) गुप्त राजवंश

63. महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने वर्ष 2004-05 में 'लिंग समानता के लिये बजटन' का मिशन कथन अपनाया। इस प्रसंग में निम्नलिखित कथनों में से कौनसा/से सही है/हैं ?

1. इसके लिये बजटन प्रक्रिया के सभी स्तरों व चरणों पर लिंग संदर्श का समावेश आवश्यक है।

2. यह विस्थापित महिलाओं को सुरक्षित आश्रय देने का समर्थन करता है।

नीचे दिये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

64. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) 'विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987' के अधीन गठित किया गया है। इस संदर्भ में निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) उच्चतम न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायमूर्ति इस प्राधिकरण के अधिशासी अध्यक्ष हैं

(b) इसका उद्देश्य समाज के कमज़ोर वर्गों को, समान अवसरों के आधार पर, नि:शुल्क व सक्षम विधिक सेवाएं प्रदान करना है

(c) पूरे देश में विधिक कार्यक्रमों व योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिये यह राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों को दिशानिर्देश जारी करता है

(d) विवादों के सौहार्दपूर्ण निपटारे के लिये लोक अदालतें स्थापित करना

65. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची-I (आयोग)* | *सूची-II (विषय)* |
|---|---|
| A. दर आयोग | 1. इंदिरा गांधी की हत्या |
| B. कालेलकर आयोग | 2. शैक्षणिक संस्थानों में रैगिंग |
| C. ठक्कर आयोग | 3. भाषाई राज्य की मांग |
| | 4. पिछडे वर्ग |

**कूट :**

| | A | B | C |
|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 |
| (b) | 3 | 2 | 4 |
| (c) | 1 | 2 | 4 |
| (d) | 1 | 4 | 2 |

66. Which of the following provisions is/are ***not*** directly covered in the definition of Domestic violence under the 'Protection of Women from Domestic Violence Act, 2005' ?

(a) Physical harm causing physical injury or pain to women

(b) Mental injury such as emotional abuse, insult, harassment, repeated threats, demand for dowry, sexual abuse etc.

(c) Non-sharing of house-hold work, non-caring attitude for children, unhealthy habits of living, late coming etc. (of the male partner)

(d) Deprivation of economic or financial resources

67. Which of the following movements address both sociological and ecological issues ?

1. The Trade Union movements in post-colonial India
2. Narmada Bachao Andolan
3. Jai Prakash Narain's movement for total revolution
4. Chilka Bachao Andolan

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 3 only

(b) 2 and 4 only

(c) 1, 2 and 3 only

(d) 1, 2, 3 and 4

68. Which of the following is ***not*** a correct description of the 'zero hour' ?

(a) The time allotted after the Question Hour

(b) Question on issues of national importance or serious grievances of the people can be raised by members of either House

(c) Questions to be asked during zero hour are circulated one day in advance only

(d) The justification for its origin lies in allowing for democratic discussion beyond rules and procedures

69. Which of the following statements is ***not*** correct ?

(a) Rajya Sabha can make recommendations on a money bill

(b) Rajya Sabha can amend a money bill

(c) Rajya Sabha can delay the passing of a money bill upto a maximum of 14 days

(d) Rajya Sabha cannot reject a money bill

70. Which of the following statements are correct ?

The attorney general of India

1. must have the qualifications as that required by a judge of the supreme court.
2. enjoys the same privileges and immunities as the members of Parliament.
3. has the right of audience in all courts of India.
4. his salaries and expenses are charged on the Consolidated Fund of India.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3

(b) 1 and 2 only

(c) 3 and 4

(d) 2 and 4

71. Who among the following Prime Ministers of India never had to seek trust vote (vote of confidence) from the *Lok Sabha* ?

(a) Indira Gandhi

(b) P.V. Narasimha Rao

(c) H.D. Devegowda

(d) Manmohan Singh

72. The Parliament is entitled to enact a law of preventive detention for reasons connected with :

(a) defence

(b) foreign affairs

(c) security of India

(d) all the above

66. निम्नलिखित में से कौनसा/से उपबन्ध, 'घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005' के अधीन घरेलू हिंसा की व्याख्या के अन्तर्गत प्रत्यक्षत: सम्मिलित ***नहीं*** है/हैं ?

(a) शारीरिक अपहानि जिससे स्त्रियों को शारीरिक क्षति या पीड़ा कारित हो
(b) मानसिक क्षति जैसे कि संवेगात्मक दुरुपयोग, अपमान, उत्पीड़न, बार-बार धमकाना, दहेज माँगना, यौन शोषण आदि
(c) घर के कामों में हाथ नहीं बँटाना, बच्चों के प्रति ध्यान न देने की अभिवृत्ति, जीवन की अस्वास्थ्यकर आदतें, देरी से आना आदि (पुरुष साथी की)
(d) आर्थिक या वित्तीय संसाधनों से वंचित करना

67. निम्नलिखित में से कौनसे आन्दोलन समाजशास्त्रीय और पारिस्थितिक दोनों विषयों के सम्बन्ध में हैं ?

1. उत्तर-उपनिवेशी भारत में मजदूर संघ आन्दोलन
2. नर्मदा बचाओ आन्दोलन
3. सम्पूर्ण क्रांति के लिए जयप्रकाश नारायण का आन्दोलन
4. चिल्का बचाओ आन्दोलन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2 और 4
(c) केवल 1, 2 और 3
(d) 1, 2, 3 और 4

68. निम्नलिखित में से कौनसा 'शून्यकाल' का सही वर्णन ***नहीं*** है ?

(a) प्रश्नकाल के उपरान्त निर्धारित समय
(b) दोनों में से किसी भी सदन के सदस्यों द्वारा राष्ट्रीय महत्व के अथवा लोगों की गंभीर शिकायतों के विषयों पर प्रश्न उठाए जा सकते हैं
(c) शून्यकाल के दौरान पूछे जाने वाले प्रश्न केवल एक दिन पहले परिचालित किए जाते हैं
(d) इसके उद्गम का औचित्य, नियमों और पद्धतियों से परे लोकतांत्रिक चर्चा की अनुमति देने में है

69. निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) राज्य-सभा धन विधेयक पर सिफारिश दे सकती है
(b) राज्य-सभा धन विधेयक में संशोधन कर सकती है
(c) राज्य-सभा धन विधेयक पारित करने में अधिकतम 14 दिनों का विलंब कर सकती है
(d) राज्य-सभा धन विधेयक को अस्वीकार नहीं कर सकती है

70. निम्नलिखित में से कौनसे कथन सही हैं ?
भारत के महान्यायवादी

1. की उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश द्वारा अपेक्षित योग्यता के समान योग्यताएं होनी ही चाहिए।
2. को संसद के सदस्यों के समान विशेषाधिकार व उन्मुक्तियाँ प्राप्त होती हैं।
3. को भारत के सभी न्यायालयों में सुने जाने का अधिकार प्राप्त है।
4. के वेतन व खर्चे भारत की संचित निधि से प्रभारित हैं।

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 1 और 2
(c) 3 और 4
(d) 2 और 4

71. भारत के निम्नलिखित में से कौन से प्रधानमंत्री को लोक-सभा में कभी भी विश्वास मत नहीं मांगना पड़ा ?

(a) इंदिरा गांधी
(b) पी.वी. नरसिंह राव
(c) एच.डी. देवेगौड़ा
(d) मनमोहन सिंह

72. किससे जुड़े कारणों से, संसद, निवारक निरोध की विधि को अधिनियमित करने के लिये हकदार है ?

(a) रक्षा
(b) विदेशी मामले
(c) भारत की सुरक्षा
(d) उपर्युक्त सभी

73. Who among the following Prime Ministers of India has ***not*** presented the budget ?
(a) Jawaharlal Nehru
(b) Morarji Desai
(c) Indira Gandhi
(d) Rajeev Gandhi

74. Consider the following statements :
1. When the inflation decreases, but still remains positive, it is deflation.
2. Deflation reduces the real value of money over time.
3. Historically not all episodes of deflation correspond with periods of poor economic growth.

Which of the statements given above is/are correct ?
(a) 1, 2 and 3
(b) 1 and 3 only
(c) 3 only
(d) 2 only

75. Which one of the following are advance grants made by the House of People in respect of the estimated expenditure for a part of the ensuing financial year, pending the regular passage of the budget ?
(a) Supplementary grants
(b) Special grants
(c) Vote on credit
(d) Vote on account

76. Who among the following was the Chairman of the Committee on Financial Sector Assessment (CFSA) set up by the Government of India and the Reserve Bank of India in 2006 to undertake a complete health checkup of the country's financial sector ?
(a) Shri Ashok Chawla
(b) Shri Ashok Jha
(c) Dr. Rakesh Mohan
(d) Dr. D. Subbarao

77. Which one of the following causes rainfall in the north-western parts of India during Winter Season ?
(a) Cyclonic depression
(b) Retreating monsoon
(c) Western disturbances
(d) South West monsoon

78. Tidal range denotes the :
(a) rise of sea water and its movement toward the coast
(b) fall of sea water and its movement toward the sea
(c) rise and fall of sea water due to gravitational forces
(d) difference between high and low tide

79. Consider the following statements :
1. The Damuda series of rock system contain all the metallurgical coal in India.
2. Tamil Nadu is the chief producer of lignite coal in India.
3. Tertiary coal is mainly confined to the peninsular India.

Which of the statements given above is/are correct ?
(a) 1 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 2 only
(d) 1, 2 and 3

80. Which one of the following states of India is surrounded by Bangladesh on three sides ?
(a) Mizoram
(b) Meghalaya
(c) Tripura
(d) West Bengal

73. निम्नलिखित में से भारत के कौन से प्रधानमंत्री ने बजट पेश *नहीं* किया है ?

(a) जवाहरलाल नेहरू

(b) मोरारजी देसाई

(c) इंदिरा गांधी

(d) राजीव गांधी

74. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. जब मुद्रास्फीति कम होती है, पर अभी भी सकारात्मक रहती है, उसे अवस्फीति कहते हैं।
2. अवस्फीति समय के साथ मुद्रा का वास्तविक मूल्य कम कर देती है।
3. ऐतिहासिक दृष्टि से अवस्फीति की सभी स्थितियाँ अल्प आर्थिक विकास की अवधियों से संगत नहीं रही हैं।

उपर्युक्त में से कौनसा/से कथन सही है/हैं ?

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 3

(d) केवल 2

75. निम्नलिखित में से कौनसी एक, नियमित बजट पारित होने के लंबित रहने के दौरान, आगामी वित्त वर्ष के एक भाग के लिए प्राक्कलित व्यय के बारे में लोक-सभा द्वारा स्वीकृत अग्रिम अनुदान है ?

(a) पूरक अनुदान

(b) विशेष अनुदान

(c) ऋणानुदान (वोट ऑन क्रेडिट)

(d) लेखानुदान

76. 2006 में भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा, देश के वित्तीय क्षेत्रक की पूर्ण स्वास्थ्य जाँच करने के लिए गठित वित्तीय क्षेत्रक मूल्यांक समिति (CFSA) का अध्यक्ष निम्नलिखित में से कौन था ?

(a) श्री अशोक चावला

(b) श्री अशोक झा

(c) डॉ. राकेश मोहन

(d) डॉ. डी. सुब्बाराव

77. निम्नलिखित में किस एक कारण से शीतकालीन मौसम में भारत के उत्तर-पश्चिम भागों में वर्षा होती है ?

(a) चक्रवातीय अवनमन

(b) निवर्तनी मानसून

(c) पश्चिमी विक्षोभ

(d) दक्षिण-पश्चिम मानसून

78. ज्वार परिसर क्या द्योतित करता है ?

(a) समुद्री जल का उत्थान और उसका तट की ओर संचलन

(b) समुद्री जल का अवपात और उसका समुद्र की ओर संचलन

(c) समुद्री जल का गुरुत्वीय बलों के कारण उत्थान-अवपात

(d) उच्च और निम्न ज्वार के बीच अन्तर

79. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत में सारा धातुकर्मीय कोयला शैल तंत्र की दामुदा श्रेणी में मिलता है।
2. भारत में लिग्नाइट कोयले का तमिलनाडु प्रमुख उत्पादक है।
3. तृतीयक कोयला मुख्यत: प्रायद्वीपीय भारत में परिसीमित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौनसा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 2

(d) 1, 2 और 3

80. भारत का निम्नलिखित में से कौनसा एक राज्य तीन तरफ से बंगलादेश से घिरा हुआ है ?

(a) मिज़ोरम

(b) मेघालय

(c) त्रिपुरा

(d) पश्चिम बंगाल

81. Through which one of the following continents, do the equator, the tropic of cancer and the tropic of capricorn pass through ?
   (a) Africa
   (b) South America
   (c) North America
   (d) Australia

82. The laboratory from where carbon dioxide measurements have been taken since 1958 A.D., which form the basis of present global warming data base is :
   (a) Maragheh observatory
   (b) Mauna Loa observatory
   (c) Griffith observatory
   (d) Sydney observatory

83. What happens to the soil, where soil water freezes and it tends to form ice layers parallel with the ground surface ?
   (a) It heaves the soil upward in an uneven manner
   (b) It heaves the soil downward in an uneven manner
   (c) It heaves the soil both upward and downward in an even manner
   (d) It remains unaffected

84. What happens to the water depth as the Tsunami waves approach the coast ?
   (a) Decreases
   (b) Increases
   (c) Increases and decreases alternatively
   (d) Neither increases nor decreases

85. Consider the following statements :
   1. The Earth receives the Sun's energy at the infrared end of the spectrum.
   2. The Earth re-radiates the Sun's heat as ultraviolet energy.

   Which of the above statements is/are correct ?
   (a) 1 only
   (b) 2 only
   (c) Both 1 and 2
   (d) Neither 1 nor 2

86. Which one of the following is a planetary wind ?
   (a) Monsoon
   (b) Trade
   (c) Chinook
   (d) Mistral

87. Which one of the following does ***not*** control climate ?
   (a) Latitude
   (b) Altitude
   (c) Longitude
   (d) Forest cover

88. Which one of the following types of forests cover the largest area in India ?
   (a) Tropical dry deciduous
   (b) Tropical moist deciduous
   (c) Tropical evergreen
   (d) Himalayan moist temperate

89. 'A' completes a work in 10 days, while 'B' and 'C' complete it in 12 and 15 days respectively. In how many days can 'A', 'B' and 'C' together complete the work ?
   (a) 3
   (b) 4
   (c) 5
   (d) 6

90. Kamla got married 6 years ago. Today her age is $1\frac{1}{4}$ times her age at the time of marriage. Her son's age is $\frac{1}{10}$ times her present age. What is her son's age ?
   (a) 2 years
   (b) 3 years
   (c) 4 years
   (d) 5 years



(Contd.)

81. निम्नलिखित महादेशों में से किस एक से, भूमध्य रेखा, कर्क रेखा और मकर रेखा गुजरती हैं ?
(a) अफ्रीका
(b) दक्षिणी अमरीका
(c) उत्तरी अमरीका
(d) आस्ट्रेलिया

82. वह कौनसी प्रयोगशाला है, जहाँ 1958 ईस्वी से कार्बनडाईआक्साइड के मापन लिए गए हैं, जो कि वर्तमान भूमण्डलीय तापन डेटाबेस का आधार बनाते हैं ?
(a) माराघेह ऑब्ज़र्वेटरी
(b) मौना लोआ ऑब्ज़र्वेटरी
(c) ग्रिफ़िथ ऑब्ज़र्वेटरी
(d) सिडनी ऑब्ज़र्वेटरी

83. उस मृदा का क्या परिणाम होता है, जिसमें मृदाजल जमकर भूपृष्ठ के समानान्तर बर्फ की परतें बनाने लगता है ?
(a) यह मृदा का ऊपर की ओर असम प्रकार से उत्क्षेपण करता है
(b) यह मृदा का नीचे की ओर असम प्रकार से उत्क्षेपण करता है
(c) यह मृदा का ऊपर और नीचे दोनों ओर सम प्रकार से उत्क्षेपण करता है
(d) इसमें कोई बदलाव नहीं होता

84. सुनामी लहरें जब तट की ओर आती हैं, तब जल की गहराई पर क्या प्रभाव पड़ता है ?
(a) कम होती है
(b) अधिक होती है
(c) एकान्तर रूप से अधिक और कम होती है
(d) न अधिक होती है, न कम होती है

85. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
1. पृथ्वी सौर ऊर्जा को स्पेक्ट्रम के अवरक्त सिरे से प्राप्त करती है।
2. पृथ्वी सौर ऊष्मा का पराबैंगनी ऊर्जा के रूप में पुन:विकिरण करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौनसा/से सही है/हैं ?
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

86. निम्नलिखित में से कौनसा एक, भूमण्डलीय पवन है ?
(a) मानसून
(b) व्यापारिक
(c) चिनूक
(d) मिस्ट्रल

87. निम्नलिखित में से कौनसा एक, जलवायु का नियंत्रक ***नहीं*** है ?
(a) अक्षांश
(b) तुंगता
(c) रेखांश
(d) वनाच्छादन

88. निम्नलिखित में से भारतवर्ष के सर्वाधिक विस्तृत क्षेत्र में किस एक प्रकार के वन आच्छादित हैं ?
(a) उष्णकटिबंधीय शुष्क पर्णपाती
(b) उष्णकटिबंधीय नम
(c) उष्णकटिबंधीय सदाहरित
(d) हिमालयी नम शीतोष्ण

89. A किसी कार्य को 10 दिनों में पूर्ण करता है, जबकि B और C उस कार्य को क्रमश: 12 और 15 दिनों में पूर्ण करते हैं। उस कार्य को A, B और C मिलकर कितने दिनों में पूर्ण करेंगे ?
(a) 3
(b) 4
(c) 5
(d) 6

90. कमला की शादी 6 वर्ष पूर्व हुई। आज उसकी आयु उसकी शादी के समय की आयु का $1\frac{1}{4}$ गुना है। उसके पुत्र की आयु उसकी आज की आयु का $\frac{1}{10}$ गुना है। उसके पुत्र की आयु क्या है ?
(a) 2 वर्ष
(b) 3 वर्ष
(c) 4 वर्ष
(d) 5 वर्ष



(Contd.)

91. The number of times the hands of a watch are at right angle between 4 p.m. to 10 p.m. is :

(a) 6

(b) 9

(c) 10

(d) 11

92. If Saturday falls four days after today which is 6th January, on which day did the first of December of the previous year fall ?

(a) Tuesday

(b) Friday

(c) Sunday

(d) Monday

93. 'R' walks 1 km. to east and then he turns to south and walks 5 km. Again he turns to east and walks 2 km. After this he turns to north and walks 9 km. How far is he from his starting point ?

(a) 3 km.

(b) 4 km.

(c) 5 km.

(d) 7 km.

94. If WOMAN is coded as 12345 and SERVANT is coded as 6789450, then VOTERS will be coded as :

(a) 920786

(b) 902876

(c) 978206

(d) 972086

95. Which will be the next term in the following ?

KPA, LQB, MRC, NSD, .........

(a) OET

(b) OTE

(c) TOE

(d) EOT

96. The missing number in the following table is :

| | | |
|---|---|---|
| 1 | 7 | 9 |
| 2 | 14 | ? |
| 3 | 105 | 117 |


(a) 12

(b) 16

(c) 26

(d) 20

97. The following blocks are of the same material. Which is the heaviest one ?




(a) A

(b) B

(c) C

(d) All equal

91. घड़ी की सुइयाँ सायं 4 बजे से रात 10 बजे के बीच कितनी बार समकोण पर होंगी ?

(a) 6

(b) 9

(c) 10

(d) 11

92. अगर शनिवार आज, 6 जनवरी से चार दिन बाद पड़ता है, तब पिछले वर्ष एक दिसम्बर कौन-से दिन पड़ा था ?

(a) मंगलवार

(b) शुक्रवार

(c) रविवार

(d) सोमवार

93. R पूर्व की ओर 1 कि.मी. चलता है और फिर वह दक्षिण की ओर मुड़कर 5 कि.मी. चलता है। वह फिर पूर्व की ओर मुड़कर 2 कि.मी. चलता है। इसके बाद वह उत्तर की ओर मुड़कर 9 कि.मी. चलता है। वह अपने आरम्भ बिन्दु से कितनी दूरी पर है ?

(a) 3 कि.मी.

(b) 4 कि.मी.

(c) 5 कि.मी.

(d) 7 कि.मी.

94. अगर WOMAN को 12345 के रूप में कूटलेखित किया जाए तथा SERVANT को 6789450 के रूप में कूटलेखित किया जाए, तब VOTERS किस रूप में कूटलेखित होगा ?

(a) 920786

(b) 902876

(c) 978206

(d) 972086

95. निम्नलिखित में अगला पद कौनसा होगा ?

KPA, LQB, MRC, NSD, .........

(a) OET

(b) OTE

(c) TOE

(d) EOT

96. निम्नलिखित सारणी में लुप्त संख्या कौनसी है ?

| | | |
|---|---|---|
| 1 | 7 | 9 |
| 2 | 14 | ? |
| 3 | 105 | 117 |


(a) 12

(b) 16

(c) 26

(d) 20

97. नीचे दिये गये एक ही पदार्थ के खण्ड हैं। इनमें से सबसे भारी कौनसा है ?




(a) A

(b) B


(c) C

(d) सभी समान हैं



(Contd.)

98. From the following Venn diagram identify the number of persons who are either good speakers or post graduates or doctors.




(a) 6

(b) 7

(c) 15

(d) 22

99. A person moves along a circular path by a distance equal to half the circumference in a given time. The ratio of his average speed to his average velocity is :


(a) 0·5

(b) 0·5π

(c) 0·75π

(d) 1·0

100.



A square is drawn inside the circle as shown in the figure above. If the area of the shaded portion is 32/7 units then the radius of the circle is :


(a) $\sqrt{2}$ units

(b) 2 units

(c) 3 units

(d) 4 units

101. The following figure shows the displacement time (x—t) graph of a body in motion. The ratio of the speed in first second and that in next two seconds is :




(a) 1 : 2


(b) 1 : 3

(c) 3 : 1

(d) 2 : 1

102. The below Venn diagram shows a city population which read three popular daily newspapers Hindustan Times (HT), The Times of India (TI) and Navbharat Times (NT) :

City Population




If a person is randomly selected from the city population and it is found that he reads at least one of the three newspapers then the person belongs to which part of the population ?

(a) g

(b) a + b + c


(c) P-h

(d) P-g



(Contd.)

98. नीचे दिये गये वेन आरेख में से उन व्यक्तियों की संख्या क्या है जो या तो अच्छे वक्ता, या स्नातकोत्तर या डॉक्टर हैं ?




(a) 6

(b) 7

(c) 15

(d) 22

99. कोई व्यक्ति एक वृत्तीय पथ पर उसकी परिधि के आधे भाग के बराबर दूरी एक निश्चित समय में तय करता है। उसकी औसत गति और औसत वेग का अनुपात क्या होगा ?


(a) 0·5

(b) 0·5π

(c) 0·75π

(d) 1·0

100.



किसी वृत्त के अन्दर एक वर्ग बनाया गया है जैसा कि ऊपर चित्र में दिखाया गया है। अगर छायित भाग का क्षेत्रफल 32/7 इकाइयाँ हैं, तब वृत्त की त्रिज्या क्या है ?


(a) $\sqrt{2}$ इकाइयाँ

(b) 2 इकाइयाँ

(c) 3 इकाइयाँ

(d) 4 इकाइयाँ

101. किसी गतिशील वस्तु का विस्थापन समय (x—t) आलेख नीचे दिए गए चित्र में दिखाया गया है। उसकी प्रथम सेकंड में गति तथा अगले दो सेकंडों में गति का अनुपात क्या होगा ?




(a) 1 : 2


(b) 1 : 3

(c) 3 : 1

(d) 2 : 1

102. नीचे दिया गया वेन-आरेख किसी शहर की जनसंख्या दर्शाता है जो तीन लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान टाइम्स (HT), टाइम्स ऑफ इंडिया (TI) और नवभारत टाइम्स (NT) पढ़ते हैं :

नगर जनसंख्या




अगर किसी व्यक्ति का शहरी जनसंख्या में से यादृच्छिक चयन किया जाता है और यह पाया जाता है कि वह व्यक्ति इन तीन समाचार पत्रों में से कम से कम एक समाचार पत्र पढ़ता है तब वह व्यक्ति जनसंख्या के किस भाग का है ?

(a) g

(b) a + b + c


(c) P-h

(d) P-g



(Contd.)

103.




Which is the next figure in the sequence given above ?

(a)




(b)



(c)



(d)



104. Consider the following :

1. Every square is a rectangle.
2. Every rectangle is a parallelogram.
3. Every parallelogram is not necessarily a square.

Which one of the following conclusions can be drawn on the basis of the above statements ?

(a) All parallelograms are either squares or rectangles.

(b) A non-parallelogram figures cannot be either a square or a rectangle.

(c) All rectangles are either squares or parallelograms.

(d) Squares and rectangles are the only parallelograms.

105. Distribution of work hours in a factory is shown in the below given table :

| Number of workers | Number of hours worked |
|---|---|
| 20 | 45—50 |
| 15 | 40—44 |
| 25 | 35—39 |
| 16 | 30—34 |
| 04 | 00—29 |

What is the percentage of workers worked for 40 or more hours ?


(a) 40

(b) 25

(c) 33·33

(d) 43·75

106.




From the above graph, who out of the four persons A, B, C and D, saves the least percentage of his monthly income ?

(a) A

(b) B


(c) C

(d) D



(Contd.)

103.



ऊपर दिए गए अनुक्रम में अगला चित्र कौनसा है ?

(a)




(b)



(c)



(d)



104. निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. प्रत्येक वर्ग एक आयत है।
2. प्रत्येक आयत एक समांतर चतुर्भुज है।
3. प्रत्येक समांतर चतुर्भुज आवश्यक नहीं कि वर्ग हो।

उपर्युक्त कथनों के आधार पर निम्नलिखित में से कौनसा एक निष्कर्ष निकाला जा सकता है ?

(a) सभी समांतर चतुर्भुज या तो वर्ग हैं अथवा आयत

(b) असमांतर चतुर्भुज चित्र वर्ग अथवा आयत नहीं हो सकता

(c) सभी आयत या तो वर्ग हैं अथवा समांतर चतुर्भुज

(d) वर्ग तथा आयत ही केवल समांतर चतुर्भुज हैं

105. एक फैक्ट्री में कार्य समय का वितरण नीचे सारणी में दिया गया है :

| श्रमिकों की संख्या | कार्य किए गए घंटों की संख्या |
|---|---|
| 20 | 45—50 |
| 15 | 40—44 |
| 25 | 35—39 |
| 16 | 30—34 |
| 04 | 00—29 |

40 या उससे अधिक घंटे कार्य किए श्रमिकों का क्या प्रतिशत है ?


(a) 40

(b) 25

(c) 33·33

(d) 43·75

106.




ऊपर दिए गए आलेख में, चार व्यक्तियों A, B, C और D में से कौनसा व्यक्ति अपने मासिक आय का न्यूनतम प्रतिशत बचत करता है ?

(a) A

(b) B


(c) C

(d) D



(Contd.)

107.




In the above diagram square represents boys, circle represents the tall persons, triangle represents tennis players, and rectangle represents the swimmers. Which one of the following numbers represents tall boys who are swimmers, but don't play tennis ?


(a) 4

(b) 3

(c) 6

(d) 5

108.




The carpet area of a room with dimensions shown in the above diagram is :


(a) 10 $m^2$

(b) 12 $m^2$

(c) 13 $m^2$

(d) 14 $m^2$

109.




In the figure given above BAC = 90°, EA = 2 and AC = 6. What is the value of BE ?

(a) 2

(b) 4

(c) 6

(d) 10

110. 8 oranges cost as much as 5 apples, 5 apples as much as 3 mangoes, 4 mangoes as much as 8 pineapples. If 3 pineapples cost Rs. 36, then an orange's cost is :

(a) Rs. 9

(b) Rs. 12

(c) Rs. 6

(d) Rs. 15

111. If $a \oplus b$ is defined as $a^b + b^a$, then consider :

I $2 \oplus x = 100$

II $4 \oplus x = 145$

III $3 \oplus x = 145$

IV $6 \oplus x = 100$

For which of the above, is x smallest ?

(a) I

(b) II


(c) III

(d) IV



(Contd.)

107.




उपर्युक्त आरेख में वर्ग से लड़के निरूपित होते हैं, वृत्त से लम्बे व्यक्ति निरूपित होते हैं, त्रिभुज से टेनिस खिलाड़ी निरूपित होते हैं और आयत से तैराक निरूपित होते हैं। निम्नलिखित में से कौनसी संख्या उन लम्बे लड़कों को निरूपित करती है जो तैराक हैं परन्तु टेनिस नहीं खेलते ?


(a) 4

(b) 3

(c) 6

(d) 5

108.




उपर्युक्त चित्र में किसी कमरे की दिखाई गई लम्बाई-चौड़ाई का कारपेट क्षेत्रफल क्या है ?


(a) $10\ m^2$

(b) $12\ m^2$

(c) $13\ m^2$

(d) $14\ m^2$

109.




ऊपर दिए गए चित्र में BAC = 90°, EA = 2 और AC = 6 है। BE का मान क्या है ?

(a) 2

(b) 4

(c) 6

(d) 10

110. 8 संतरों की लागत 5 सेबों की लागत के बराबर है, 5 सेबों की लागत 3 आमों की लागत के बराबर है, 4 आमों की लागत 8 अनन्नासों की लागत के बराबर है। अगर 3 अनन्नासों की लागत 36 रु. है, तब एक संतरे की लागत क्या है ?

(a) 9 रु.

(b) 12 रु.

(c) 6 रु.

(d) 15 रु.

111. अगर $a \oplus b$ को $a^b + b^a$ के रूप में परिभाषित किया जाता है, तब विचार कीजिए :

I $2 \oplus x = 100$

II $4 \oplus x = 145$

III $3 \oplus x = 145$

IV $6 \oplus x = 100$

उपर्युक्त में किसके लिए, x सबसे छोटा है ?

(a) I

(b) II

(c) III

(d) IV



(Contd.)

112. In a test a candidate attempted only 15 questions and secured full marks in all of them. If he obtained 60% marks in the test and all the questions in the test carried equal marks, the number of questions in the test is :

(a) 20

(b) 25

(c) 27

(d) 30

113. The grandfather's age is 4 years more than nine times the age of the grandson. The father's age of 40 years is 2 years less than six times the age of his son. The age of the grandfather is :

(a) 77 years

(b) 70 years

(c) 67 years

(d) 63 years

114. If $4 = 10^{2m}$ and $9 = 10^{2n}$, then 0·15 equals to :


(a) $10^{2m-2n}$


(b) $10^{m+n-1}$


(c) $10^{n-m+1}$

(d) $10^{n-m-1}$

115. Among the following four diagrams, which one illustrates the relationships among citizens, voters and males ?

(a) 

(b) 

(c) 

(d) 

116. The mean age of combined group of men and women is 25 years. If the mean age of group of men is 26 and that of group of women is 21, then percentage of men and women in the group respectively is :


(a) 60, 40

(b) 80, 20


(c) 30, 70

(d) 50, 50


117. Which two figures out of the following four have the same area (with same units) ?




1



2



3



4

(a) 1 and 3

(b) 1 and 2

(c) 2 and 4

(d) 1 and 4



(Contd.)

112. एक अभ्यर्थी ने किसी परीक्षण में कुल 15 प्रश्नों के लिए प्रयास कियां तथा उन सभी में पूरे अंक प्राप्त किए। अगर उसने परीक्षण में 60% अंक प्राप्त किए और सभी प्रश्नों के अंक समान हैं तो परीक्षण में प्रश्नों की संख्या क्या है ?

(a) 20

(b) 25

(c) 27

(d) 30

113. दादा की आयु पौत्र की आयु के नौ गुने से 4 वर्ष अधिक है। पिता की 40 वर्ष की आयु पुत्र की आयु के छः गुने से 2 वर्ष कम है। दादा की आयु क्या है ?

(a) 77 वर्ष

(b) 70 वर्ष

(c) 67 वर्ष

(d) 63 वर्ष

114. अगर $4 = 10^{2m}$ और $9 = 10^{2n}$, तब 0·15 किसके बराबर है ?


(a) $10^{2m-2n}$


(b) $10^{m+n-1}$


(c) $10^{n-m+1}$

(d) $10^{n-m-1}$

115. नीचे दिए गए चार आरेखों में से, कौनसा एक, नागरिकों, मतदाताओं और पुरुषों के बीच सम्बन्धों को स्पष्ट करता है ?

(a) 

(b) 

(c) 

(d) 

116. पुरुषों और स्त्रियों के संयुक्त समूह की माध्य आयु 25 वर्ष है। अगर पुरुषों के समूह की माध्य आयु 26 और स्त्रियों के समूह की माध्य आयु 21 है, तो समूह में क्रमशः पुरुषों और स्त्रियों का प्रतिशत क्या है ?


(a) 60, 40

(b) 80, 20

(c) 30, 70

(d) 50, 50

117. नीचे दिए गए चार आरेखों में से किन दो आरेखों का समान क्षेत्रफल (समान इकाइयों में) है ?




(a) 1 और 3

(b) 1 और 2


(c) 2 और 4

(d) 1 और 4



(Contd.)

118. Three circles are concentric as in the diagram given below. If a fourth innermost circle is drawn, what will be the number to be inscribed there ?




(a) 8

(b) 7

(c) 3

(d) 1

119. The width of a rectangle is 4x which is only 25% of its length. What are the area and the perimeter of the rectangle respectively ?


(a) $16x^2$ squnit and 16x unit

(b) $20x^2$ squnit and 40x unit

(c) $32x^2$ squnit and 64x unit

(d) $64x^2$ squnit and 40x unit

120. The following diagram shows a triangle with each of its sides produced both ways :




What is the sum of degree measures of the angles numbered ?

(a) 720

(b) 540

(c) 1080

(d) 900

***Directions :*** Each of the next ***FIVE (05)*** items consists of two statements, one labelled as the 'Assertion (A)' and the other as 'Reason (R)'. You are to examine these two statements carefully and select the answers to these items using the codes given below :

***Codes :***

(a) Both A and R are individually true and R is the correct explanation of A

(b) Both A and R are individually true but R is ***not*** the correct explanation of A

(c) A is true but R is false

(d) A is false but R is true


121. Assertion (A) : Import of Chinese toys was recently banned by the Government of India.

Reason (R) : The plastic material used to make the toys are not biodegradable.



(Contd.)

118. नीचे दिए गए चित्र में तीन वृत्त संकेन्द्री हैं। अगर कोई चतुर्थ अन्तरतम वृत्त रेखांकित किया जाता है, तो उस पर कौनसी संख्या अंकित की जाएगी ?




(a) 8

(b) 7

(c) 3

(d) 1

119. एक आयत की चौड़ाई 4x है जो उसकी लम्बाई का केवल 25% है। आयत के क्षेत्रफल और परिमाप क्रमशः क्या हैं ?


(a) $16x^2$ वर्ग इकाई और 16x इकाई

(b) $20x^2$ वर्ग इकाई और 40x इकाई

(c) $32x^2$ वर्ग इकाई और 64x इकाई

(d) $64x^2$ वर्ग इकाई और 40x इकाई

120. नीचे दिया गया चित्र एक त्रिभुज दर्शाता है जिसकी प्रत्येक भुजाएं दोनों तरफ़ बढ़ाई गई हैं :




संख्यांकित कोणों के डिग्री मापों का योग क्या है ?

(a) 720

(b) 540

(c) 1080

(d) 900

*निर्देश :*

आगामी ***पाँच (5)*** प्रश्नांशों में दो वक्तव्य हैं। एक को 'कथन (A)' तथा दूसरे को 'कारण (R)' कहा गया है । इन दोनों वक्तव्यों का सावधानीपूर्वक परीक्षण कर इन प्रश्नांशों का उत्तर नीचे दिए हुए कूट की सहायता से चुनिए :

*कूट :*

(a) A और R दोनों सही हैं, और R, A का सही स्पष्टीकरण है

(b) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A का सही स्पष्टीकरण ***नहीं*** है

(c) A सही है, परन्तु R ग़लत है

(d) A ग़लत है, परन्तु R सही है

121. कथन (A) : चीनी खिलौनों के आयात पर भारत सरकार द्वारा हाल में प्रतिबन्ध लगाया गया।

कारण (R) : खिलौनों को बनाने में प्रयोग किये गए सुघट्य पदार्थ जैव-निम्नीकरणीय नहीं हैं।



(Contd.)

122. Assertion (A) : A person suffering from myopia uses a concave lens.

Reason (R) : A concave lens diverges a beam of light incident on it.

123. Assertion (A) : The "Green Belt" represents a planning concept for controlling the physical expansion of large cities.

Reason (R) : "Green Belt" is an integral component of a city.

124. Assertion (A) : In areas of intensive subsistence agriculture, animal husbandry plays an insignificant role.

Reason (R) : Throughout the region, the farmers are handicapped in raising cattle due to lack of scientific methods of breeding.

125. Assertion (A) : Nitrogen gas is used to provide inert atmosphere in chemical reaction.

Reason (R) : Nitrogen gas has a very little chemical reactivity at ordinary temperature.

122. कथन (A) : एक व्यक्ति जो निकट दृष्टि (मायोपिया) से पीड़ित है अवतल लेन्स का प्रयोग करता है।

कारण (R) : अवतल लेन्स अपने ऊपर आपतित किरण पुंज को अपसारित करता है।

123. कथन (A) : "हरित पट्टी" (ग्रीन बेल्ट) बड़े शहरों के प्राकृतिक विस्तार की रोकथाम के लिए योजना संकल्पना को निरूपित करती है।

कारण (R) : "हरित पट्टी" (ग्रीन बेल्ट) शहर का अनिवार्य घटक है।

124. कथन (A) : गहन निर्वाह कृषि क्षेत्रों में, पशुपालन की नगण्य भूमिका है।

कारण (R) : पूर्ण क्षेत्र में, कृषक, वैज्ञानिक प्रजनन विधियों के अभाव के कारण, पशुपालन में बाधाओं का सामना करते हैं।

125. कथन (A) : रासायनिक अभिक्रिया में अक्रिय वातावरण देने के लिए नाइट्रोजन गैस का प्रयोग किया जाता है।

कारण (R) : साधारण तापमान पर नाइट्रोजन गैस की रासायनिक अभिक्रियाशीलता बहुत ही कम होती है।

## SPACE FOR ROUGH WORK
## कच्चे कार्य के लिये

## SPACE FOR ROUGH WORK

कच्चे कार्य के लिये

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

टी.बी.सी. : **P–DQG–J–HB**

परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम

क्रम सं.

**A**

# परीक्षण पुस्तिका

## सामान्य योग्यता एवं बुद्धिमत्ता

*समय : दो घण्टे*

*पूर्णांक : 250*

अनुदेश

1. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए।**
2. **उत्तर-पत्रक में सही स्थान पर परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D यथास्थिति स्पष्ट रूप से कूटबद्ध कीजिए।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर *और कुछ न* लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **125** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश *हिन्दी* और *अंग्रेजी* दोनों में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं । इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए *केवल एक ही* प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर *ही* अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखिए।
6. *सभी* प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर *केवल उत्तर-पत्रक* अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अन्त में संलग्न हैं।
10. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई (0·33)** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए ***कोई दण्ड नहीं*** दिया जाएगा।

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

***Note :*** **English version of the instructions is printed on the front cover of this Booklet.**